IFTM University, Moradabad

School of Agricultural Sciences and Engineering

(SASE)

Organized

ONLINE EXPERT LECTURE

December 05, 2020



World Soil Day

An online expert lecture and quiz competition was organized by School of Agricultural Sciences and Engineering (SASE) on the topic- "**Problematic Soils and Their Management**" on the occasion of World Soil Day on 05.12.2020. Dr. Eetela Sathyanarayana, Assistant Professor, Jayshankar Telangana State Agriculture University,

Registrar
IFTM University
Moradabad.

Telangana, Andhra Pradesh was the invited speaker of the event. Dr. Sathyanarayana has given a wonderful lecture on different types of problematic soils found in India. He stated that, if we want to sustain our future, first we have to sustain our soil. He also emphasized on management practices that should be adopted to reclaim the soils. Honorable Vice Chancellor Prof. M.P. Pandey and Registrar, Prof. Sanjeev Agarwal appreciated the speaker and efforts of SASE.

Coordinators: Mrs. Richa Khanna & Mr. Abhay Saini

Outcome:

The students gained knowledge about management of problematic soils in Indian conditions.

Few Glimpses....





Sanjeev Agarwal
Registrar
IFTM University
Moradabad.





Media Coverage

Sanjeev Dawal
Registrar
IFTM University
Moradabad.

आईएफटीएम में विश्व मृदा दिवस पर हुई ऑनलाइन परिचर्चा एवं क्विज प्रतियोगिता

मुरादाबाद (विधान केसरी)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एवं इंजीनियरिंग द्वारा विश्व मृदा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक परिचर्चा एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिचर्चा में विषय विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर इत्तेला सत्यनारायण, तेलंगाना स्टेट एग्रीकल्चरल विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रोफेसर जयशंकर ने ह्रासमस्याग्रस्त मृदाः कारण एवं निदान विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं के ज्ञान वर्धन हेतु स्कूल द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के 44 विभिन्न विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्रों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने क्विज प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात की साक्षी प्रिया प्रथम स्थान, विधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के अनुराग बेरा द्वितीय स्थान एवं असम कृषि विश्वविद्यालय के मोहरनव सांदिल्य को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। नियोटिया विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के अरिंजित चैधरी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ की ऋचा गुप्ता, आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की तान्या गुप्ता एवं विधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के सुभ्रद्वीप साह को विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रतियोगिता में समान अंक अर्जित करने वाले चारों विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री संजीव अग्रवाल ने स्कूल द्वारा आयोजित परिचर्चा एवं क्विज प्रतियोगता की भूरि-भूरि प्रशंसा एवं सराहना की और भविष्य में इस प्रकार की परिचर्चा और प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने हेतु प्रेरित किया। स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह एवं उप निदेशक श्री के.के. बंसल ने विजेताओं को शुभाशीष दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के आयोजन में कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण पाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती रिचा खन्ना ने बताया कि हमें देश भर के कृषि छात्रों से बहुत उत्साहवर्धक प्रतिक्रियाएं मिलीं तथा भविष्य में भी छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। कार्यक्रम को तकनीकी रूप से सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर श्री अभय सैनी का विशेष योगदान रहा।

आईएफटीएम की एन.सी.सी. वाहिनी की बालिका कैडेट्स ने

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत की पब्लिक पार्कों की सफाई

अभियान की लगातार चलती रही ऑनलाइन मॉनीटरिंग



मुरादाबाद (विधान केसरी)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. वाहिनी एवं 9 यूपी गर्ल्स बटालियन, मुरादाबाद के तत्वावधान में 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक ह्यस्वच्छता पखवाड़ा अभियानह्य चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को आईएफटीएम विश्वविद्यालय की एन.सी.सी. की बालिका कैडेट्स ने इस अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद, चिलारी, अमरोहा, रुद्रपुर, धामपुर तथा नूरपुर सहित 10 शहरों के विभिन्न पब्लिक पार्कों की सफाई की। साथ ही साथ आमजन से भी कोरोना के समय विशेष रूप से स्वच्छता की अपील की। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रोफेसर (मेजर) राजकुमारी सिंह ने बालिका कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि आज जनहित के प्रत्येक कार्यों में बालिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। स्कूल ऑफ लॉ की असिस्टेंट प्रोफेसर व गर्ल्स एन.सी.सी. की केयर टेकर डॉ. शिल्पी गुप्ता बालिका कैडेट्स के द्वारा किए जा रहे स्वच्छता अभियान की ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से लगातार मॉनीटरिंग करती रहीं। स्वच्छता अभियान में काजल चैधरी, उमंग यादव, सृष्टि सिंह, शिवानी चैधरी, प्रणव, नेहा तथा शीतल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

Page-10
12 Dec 2020

ई-पेपर
विधान केसरी

Sanjeev Agrawal
Registrar
IFTM University
Moradabad.